श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021-23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 21 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 29 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## अर्जुनसिंह की गुगली में उलझे थे संसदीय क्षेत्र के दो सीएम

### प्रदेश में तीन मुख्यमंत्रियों को देना पड़ा था इस्तीफा

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे अर्जुनसिंह राजनीति के बड़े खिलाड़ी थे। इनकी गुगली में संसदीय क्षेत्र के दो मुख्यमंत्री भी उलझ गए थे दोनों को मिलाकर प्रदेश में तीन मुख्यमंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था।

चुरहट से जीतकर विधानसभा पहुंचे अर्जुन सिंह को 1980 में पहली बार मुख्यमंत्री बनाया गया। इसकी पटकथा 1977 में लिखी गई थी। तब अर्जुन सिंह मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चुने गए थे। विपक्ष की भूमिका उन्होंने राजनीति के उस माहिर खिलाड़ी की तरह अदा की कि सत्ता पक्ष को तत्कालीन तीन मुख्यमंत्रियों कैलाशचंद जोशी, संसदीय क्षेत्र के वीरेंद्र कुमार सकलेचा और सुंदरलाल पटवा को इस्तीफा देने को मजबूर कर दिया था। वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत मिला। तब अर्जुन सिंह को सीएम बनाया गया। पांच साल बाद 1985 में 246 सीटों के साथ दोबारा कांग्रेस सत्ता में आई और फिर अर्जुन सिंह सीएम बने। 11 मार्च 1985 को उन्होंने शपथ ली और अपने कैबिनेट के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। 12 मार्च को जैसे ही मुलाकात हुई, राजीव गांधी ने उनसे इस्तीफा मांग लिया। उनकी जगह मोतीलाल वोरा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि 1988 में अर्जुन सिंह वापस लौटे और तीसरी बार सीएम बने।

#### नायक की भूमिका भी निभाई, एक दिन का सीएम बने...

कुछ समय पूर्व एक हिंदी फिल्म आई थी-नायक, इसमें नायक अनिल कपूर 24 घंटे के लिए मुख्यमंत्री बनते हैं। कहानी फिल्मी है, पर कहते हैं न कि कहीं न कहीं वास्तविक जीवन में भी कुछ ऐसा हुआ होता है या हो रहा होता है। मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह के साथ कुछ ऐसा हो चुका है। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन सिंह को दूसरी बारी में 1985 में केवल 24 घंटे के लिए मुख्यमंत्री का पद मिला था। उन्हें ऐसा कहा नहीं गया था। वे पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री पद मिलने के खयाल से ही आए थे, लेकिन घटनाक्रम कुछ ऐसा हुआ कि शपथ ग्रहण के अगले ही दिन उन्हें पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। इस्तीफा देना इतना आसान नहीं था पर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के फरमान के आगे झुकना पड़ा। उनसे त्यागपत्र लेकर उन्हें पंजाब में राज्यपाल पद के लिए कूच करने को कह दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान के आदेश को शिरोधार्य करते हुए अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

## कर्जे में है प्रदेश के वित्तमंत्री..!

### परशुराम से रईस है देवड़ा, पुरानी कार से काम चला रहे कांग्रेस उम्मीदवार





**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी जगदीश देवड़ा की संपत्ती कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया से कई गुना ज्यादा है। परशुराम फिलहाल पुरानी कार से ही काम चला रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश के वित्तमंत्री भले ही रईस है पर वे भी कर्जदार है। श्री देवड़ा और उनकी पत्नी के नाम 14 लाख 50 हजार का ऋण है।

मल्हारगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जगदीश देवड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया ने अपना नामांकन प्रस्तुत कर दिया है। नामांकन में दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा सरकार में वित्त सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल चुके जगदीश देवड़ा और उनके प्रतिद्वंदी परशुराम सिसौदिया के पास पुरानी कार और बाइक है। हालांकि प्रॉपर्टी में श्री देवड़ा श्री परशुराम से कई गुना आगे हैं। जगदीश देवडा के पास 50 हजार नकद तो पत्नी रेणु देवडा के पास 1 लाख 50 हजार की नकद धनराशि है। जबकि, भोपाल, मंदसौर की बैंकों में देवडा के नाम 27 लाख 11 हजार 805 रुपए जमा है। वहीं पत्नी के खातों में 20 लाख 17 हजार 228 रुपए जमा है। पत्नी रेणु का म्यूचल फंड में 19 लाख 99 हजार 900 और 49 हजार 294 रुपए शेयर मार्केट में निवेश है। शिवराज सरकार में वित्त मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले जगदीश देवड़ा के पास 2002 मॉडल की हीरोहोंडा बाइक और 2014 मॉडल की शेवरले कार और एक आत्मरक्षा के लिए रिवाल्वर है। पत्नी के पास महू-नीमच रोड अजीज खेड़ी में कृषि भूमि, भोपाल, मंदसौर में मकान है। वहीं देवड़ा के पास मंदसौर कैलाश विहार कॉम्प्लेक्स में दो दुकानें और नीमच के रामपुरा में मकान और भोपाल में सरकारी बंगला है।

इधर मल्हारगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार परशुराम सिसौदिया की बात की जाए तो उनके पास 2 लाख 5 हजार रूपए नगद और बैंक खाते में 2 लाख 75 हजार जमा है। वही उनकी पत्नी के नाम 1 लाख 51 हजार नगद और बैंक खाते में 49 हजार जमा है। सिसौदिया के नाम मैक्स लाइफ और बजाज अलायंस की बीमा पॉलिसी है। वाहनों में एक बोलेरो कार और 2006 मॉडल बाइक है। परशुराम के पास 30 ग्राम गोल्ड तो पत्नी के पास 50 ग्राम गोल्ड और 1 किलो 200 ग्राम चांदी के जेवर हैं। परशुराम के पास टाकेडा और पैतृक गांव झावल में कृषि भूमि, गांव में पैतृक मकान और मंदसौर में दो मंजिला मकान है। वहीं पत्नी के पास झावल में कृषि भूमि है। परशुराम पर 14 लाख 46 हजार 548 रूपए और उनकी पत्नी के नाम 95 हजार 545 रुपए का ऋण बकाया है।

## मां और मुंह बोले मामा से प्रताड़ित थी बालिका

### युवक के बहकावे में आकर चली गई थी सूरत, पुलिस ने किया दस्तयाब

**बालिका के बयान पर मां और मामा को भी बनाया आरोपी**

**पिपलिया मंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र से एक 13 वर्षीय बालिका का अपहरण हो गया था। जांच में सामने आया कि अपहरणकर्ता इंदौर का रहने वाला है और आरोपी युवक उसे बहला फुसलाकर सूरत ले गया है। इस दौरान नाबालिग के साथ दुष्कृत्य भी किया गया। जब आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया गया तो पता चला कि उसकी मां और मुंह बोला मामा उसे जबरन आर्केस्ट्रा में भेजते थे और उसके साथ मारपीट भी करते थे। मुंह बोले मामा ने तो उसके साथ दुष्कृत्य का प्रयास भी किया। पुलिस ने मां और मामा के खिलाफ भी केस दज किया है।

पिपलिया मंडी थाना पुलिस ने बताया कि थाने पर 6 अप्रैल 23 को महिला ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसकी 13 वर्षीय बेटी के अपहरण होने की सूचना दी गई। जांच में पता चला कि लडकी एवं लडके द्वारा अपने मोबाईल फोन घटना बाद से स्वीच ऑफ कर दिये थे। जिसके कारण पुलिस के पास अपहृत एवं आरोपी के संबंध में कोई भी तकनीकी एवं अन्य जानकारी प्राप्त नही हो रही थी। सायबर सेल मंदसौर द्वारा अथक प्रयास कर तकनीकी जानकारी जुटाई गई। जिससे की अपहृत एवं आरोपी को उनि सत्येन्द्र सैनी एवं थाना पिपलियामंडी की टीम द्वारा ग्वालक नगर थाना पांडेसरा जिला सूरत राज्य गुजरात से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

मामले में पुलिस कप्तान द्वारा प्रकरण में पतारसी हेतू पूर्व में 5 हजार रूपये की ईनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पिपलिया मंडी निरीक्षक नीरज सारवान, उनि सत्येन्द्र सैनी, उनि उमा दोहरे, प्रआर आशीष बैरागी सायबर सेल, आरक्षक मनीष बघेल सायबर सेल, प्रआर हृदेश, आर. वीपी सिंह, म.आर कविता नागदा, दुर्गा कुँवर, शिल्पा थाना पिपलियामंडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### मां-मामा करते थे प्रताड़ित...

अपहृत बालिका से पुलिस द्वारा घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उसकी मां और उसका मुंह बोला मामा उसे उसकी मर्जी के बिना आर्केस्ट्रा में नाचने के लिये भेजते थे और उससे प्राप्त कमाई को खुद रखते थे। बालिका द्वारा आर्केस्ट्रा में जाने के लिये मना करने पर उसका मुंह बोला मामा उसके साथ मारपीट कर उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिसमें लडकी की मां भी सहयोग करती थी। लड़की का मुंह बोला मामा लडकी के साथ उसके घर में ही रहता था एवं वह उस पर बुरी नियत रखता था। जिसके कारण उसने वर्ष 2022 में भी शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया था। घटना के एक दिन पूर्व लडकी के मुंह बोले मामा ने लडकी के साथ मारपीट की थी।

#### शादी का झांसा देकर ले गया था...

घर पर प्रताड़ना से परेशान होकर बालिका ने यह बात यशवत उर्फ यश माली को बताई थी जो कि उसे अपने साथ शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। इस दौरान आरोपी यशवंत माली ने भी नाबालिक अपहृत के साथ शारीरिक संबंध बनाये थे। प्रकरण में बालिका के कथन के आधार पर उसकी माँ एवं मुँह बोले मामा को मानव दुर्व्यापार के अंतर्गत धारा 370, 354, 323, भादवि एवं सह संबंधित पॉक्सो एक्ट तथा आरोपी यश उर्फ यशवंत माली को धारा 363, 376 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट से सहसंबधित धारा में आरोपी बनाया गया।



## कर्जा उतारने के लिए की थी चोरी

### चार गिरफ्तार, 2.25 लाख की कृषि जिंस बरामद

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधड़का में बीते दिवस करीब 2.25लाख रूपए की चोरी गई कृषि जिंस 'उपज' को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक का कर्जा चुकाने के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

दलौदा थाना पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर 23 को मुकेश पिता प्रकाश गायरी उम्र 33 साल निवासी धुंधड़का थाना दलौदा जिला मंदसौर ने थाने में शिकायत की। जिसमें उसने बताया कि दादाजी का स्वर्गवास 16 अक्टूबर 23 को हो गया था। जिनका घाटा मौसर होना शेष था। तो फरियादी कुंए पर गाय भैस को पानी व चारा डालने जाता था। वही कुंए पर खेत मे बने मकान के कमरे मे लहसुन के 17 बोरे व 04 कट्टे अलसी रखी थी। 26 अक्टूबर 23 को शाम को गाय भैस के चारा पानी करके मकान के आगे पीछे दोनो दरवाजो पर ताला लगाकर घर आ गया था बाद रात्री मे कुए पर सोने के लिये गया तो उस मकान के पीछे का गेट खुला होकर ताला टुटा हुआ था। घर मे जाकर देखा तो बिजवारे की लहसुन की 17 बोरी व अलसी के 04 कट्टे चोरी हो चुके थे।

पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर मुखबीर की सूचना पर मुकेश के यहा काम करने वाले संदेही महेश पिता मुकेश माली निवासी धुधड़का को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात को कबूला। उसने बताया कि मैने अपने निजी खर्चे के लिये आईडीएफसी बैंक से 1 लाख रुपये लोन ले रखा है। जिसकी मासिक किश्त 4007 रुपये की आती है तथा एक्सिस बैंक से 50 हजार रुपये लोन ले रखा है। जिसकी 2510 रुपये मासिक किश्त आती है तथा कुछ किश्ते ओव्हर ड्यू थी। मुकेश के दादाजी का स्वर्गवास होने से उसके घर व कुंए का काम मैं ही देख रहा था तो उसके कुएं पर लहसुन व अलसी रखी देखी। जिसके बाद रवि पिता प्रहलाद शर्मा उम्र 21 साल निवासी धुंधडका जिला मंदसौर, कन्हैयालाल पिता मुकेश माली उम्र 20 साल निवासी धुंधडका जिला मंदसौर, बन्ने सिंह पिता रामसिंह उम्र 20 साल निवासी धुंधडका जिला मंदसौर के साथ मिलकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। टेंपो में भरकर उपज को ले गए। पुलिस ने उपज जब्त कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## गांधीसागर में 5 दिन का फेस्टिवल स्थगित

**भानपुरा, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता के चलते 27 से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक होने वाला गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल स्थगित कर दिया गया है। हालांकि कंपनी के अनुसार दूसरे पार्ट के तहत गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट (टेंट सिटी) का संचालन बाहरी टूरिस्ट के लिए यथावत रहेगा। आम लोगों के लिए सांस्कृतिक आयोजन व फेस्टिवल नहीं होगा। यह कब होगा, इस संबंध में फिलहाल निर्णय नहीं हो पाया है। 27 अक्टूबर से गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल और 1 दिसंबर से कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल होने की सूचना पर्यटन और संस्कृति विभाग की ओर से जारी की गई थी।

गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल को लेकर वन विभाग ने भी वन्य प्राणियों की सुविधा के दृष्टिगत कुछ सुझाव भी दिए थे। इस बार इन पर अमल भी किया था। वहीं, कंपनी द्वारा भी पब्लिक कनेक्टिविटी के लिए इस बार लेआउट व डिजाइन में बदलाव करके नई पेशकश की जा रही थी। इसी बीच ऐनवक्त पर आम लोगों के लिए होने वाले फ्लोटिंग फेस्टिवल को स्थगित कर दिया है। कंपनी का कहना है कि संशय बना था, लेकिन निर्णय अब हो पाया है। आचार संहिता के चलते यह निर्णय लिया गया है।

## डोडा छिलका तस्करों को 10-10 साल की सजा

**1-1 लाख रूपए जुर्माना भी जमा कराना होगा**

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा डोडाचूरा तस्करी के आरोपी धर्मेन्द्रसिंह पिता रोडसिंह सोनगरा उम्र 32 साल निवासी ग्राम राणाखेडा थाना अफजलपुर, लालसिंह पिता सामंतसिंह राठौर उम्र 50साल निवासी ग्राम साखतली थाना सीतामऊ, राजेन्द्र उर्फ राजू पिता बालूराम निनामा उम्र 22साल निवासी लसुडिया ईला थाना भावगढ जिला मंदसौर को डोडाचूरा तस्करी करने का दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1-1 लाख रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी 2016 को थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर में मुखबीर सूचना मिली कि आरोपी धर्मेन्द्र राजपूत, लालसिंह राठौर एवं राजेन्द्र उर्फ राजू अवैध डोडाचूरा लेकर ग्राम कमालपुरा रोड, गिट्टी मशीन के सामने किसी बाहरी तस्कर को देने के लिए खड़े हैं। उनके पास काले रंग की प्लेटिना मोटरसाईकिल है। सूचना पर कार्यवाही हेतु मय फोर्स के थाने से रवाना होकर कमालपुरा रोड गिट्टी मशीन के सामने पंहुचे तो वहां मुखबीर सूचना के मुताबिक हुलिए के 3 व्यक्ति 4 प्लास्टिक के कट्टे जिनमें कुछ भरा हुआ था, पर बैठे मिले। उनके पास ही प्लेटिना मोटरसाईकिल खडी थी। पास जाकर नाम पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम धर्मेन्द्रसिंह दूसरे ने लालसिंह व तीसरे ने राजेन्द्र उर्फ राजू बताया था। मौके पर ही निरीक्षक ए.एस. भाबर द्वारा आरोपियो को मुखबीर सूचना से अवगत कराया और तलाशी लेने की बात कही। आरोपियो के कब्जे के सफेद मटमैले 4 प्लास्टिक के कट्टो की तलाशी ली थी, जिनमे डोडाचूरा भरा हुआ मिला। उक्त अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा का तौल इलैक्ट्रॉनिक तराजू बांट से किया गया तो प्रत्येक कट्टे में 26 किलो चारों कट्टो में कुल वजन 104 किलोग्राम डोडाचूरा होना पाया गया। आरोपियो के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्त के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपियो को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।



## कार से मिला पौन क्विंटल डोडाचूरा, चालक गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के नई आबादी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 72 किलो डोडाचूरा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने मुंबई के पालघर निवासी कार चालक को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



नई आबादी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चुनावी आचार संहिता के चलते महू नीमच राजमार्ग नई आबादी थाने के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार को रोकर तलाशी लेने पर कार की डिक्की में रखे प्लास्टिक के बैग में 72 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया। जब्त डोडाचूरा की कीमत 1 लाख 44 हजार रुपए आंकी गई है। मौके से पुलिस ने कार चालक भजनलाल पिता मालाराम बिश्नोई उम्र 26 साल निवासी कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्सटेंशन वसईईस्ट पालघर मुंबई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहा से लेकर आया था और कहां ले जा रहा था, मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### प्रचार के शेष बचे 20 दिनों में घर-घर पहुंचना मुश्किल काम...

## प्रत्याशियों को एक दिन में 15 घंटे करना होगी मशक्कत

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव के प्रचार में आज 29 अक्टूबर से केवल 20 दिन शेष है। इन्हीं दिनों में करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली और भाईदूज जैसे त्योहार सहित गोवर्धन पूजा भी पड़ रही है। प्रत्याशियों को अपनी-अपनी विधानसभा को पूरी कवर करने के लिए रोज 70 से 100 किमी तक की दौड़ लगाना पड़ेगी। तभी वे 10 से 15 बूथों के मतदाताओं तक पहुंच पाएंगे। इसके बाद भी कई पोलिंग बूथ छूट जाएंगे, जहां प्रत्याशी नहीं पहुंच पाएगे।

दूसरे नजरिए से देखे तो 20 दिनों में एक दिन में 15 घंटे भी अगर उम्मीदवार चुनाव प्रचार के लिए निकाल पाते है। तो उम्मीदवारो के पास मात्र 300 घंटे है जिसमें उन्हें अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ कवर करना है। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र जिसमें रैली आदि में घंटों बीत जाते है। नए परिसीमन में मतदाताओं की संख्या के साथ ही कई विधानसभा क्षेत्र में गांवो का क्षेत्रफल भी बड़ा है।

प्रचार के दौरान बड़े नेताओं की सभाएं व पार्टी बैठक का भी आयोजन होना है। अगर इस दौरान किसी बड़े नेता की सभा हो गई तो प्रत्याशी का पूरा दिन उसी में गुजर जाएगा। सीएम शिवराजसिंह चौहान और पूर्व सीएम कमलनाथ के आने की चर्चाएं भी चल रही है। बड़े मतदान केंद्रों पर जनसंपर्क के दौरान ज्यादा समय भी देना होगा। यदि पार्टी की बैठक या कार्यकर्ता सम्मेलन सहित जनसभा है तो उसके लिए अलग से समय निकालना होगा। कुल मिलाकर 50 से 70 किमी की दौड़ प्रतिदिन लगाना होगी।



#### स्वतंत्र प्रत्याशियों को ज्यादा परेशानी...

प्रदेश की प्रमुख भाजपा और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याक्षियों के अलावा आधा दर्जन क्षेत्रीय पार्टी एवं स्वतंत्र उम्मीदवार इस बार चुनावी मैदान में उतर रहे है। इन उम्मीदवारों में से अधिकांश ने अपना जनसंपर्क शुरू नहीं किया है। इनके पास कार्यकर्ताओं व नेताओं का टोटा है। ऐसे में इनके लिए प्रचार की राह बहुत कठिन है। पाटियों के प्रचार का एक और साधन माईक से अपनी उपलब्धि गिना कर वोटरों को अपने पक्ष में करना है। इसकी कांग्रेस उम्मीदवार ने शुरूआत कर दी है, किंतु भाजपा अभी पीछे है।

## मल्हारगढ़ में जोकचंद, धार में बुंदेला की बगावत कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएगी...

**मंदसौर/उज्जैन, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस ने सुरक्षित सीट मल्हारगढ़ से बीते चुनाव में 11 हजार से अधिक मतों से हारे परशुराम सिसोदिया को फिर प्रत्याशी बना दिया है। जबकि, मल्हारगढ़ विधानसभा जब से बनी है तभी से कांग्रेस के यहां से मैदानी कार्यकर्ता श्यामलाल जोकचंद ही नजर आ रहे हैं। भाजपा से लगातार भाजपा सरकार के मंत्री जगदीशे देवड़ा चुनाव जीतते आ रहे हैं। देवड़ा जैसे बड़े नाम को टक्कर देने लायक नाम जोकचंद ही था। पर, घोषित किया गया परशुराम सिसोदिया को। इन्हें ईनाम इस बात का मिला है कि बीते चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे से प्रत्याशी बनने के बाद भी उनके साथ कांग्रेस नहीं छोड़ी। जबकि, सिंधिया ने सिसोदिया को जीताने के लिए दो बार मल्हारगढ़ क्षेत्र का दौरा किया था। बावजूद इसके मल्हारगढ़ के अभी तक के चुनाव में सबसे अधिक मतों से हारने वाले भी परशुराम सिसोदिया ही हैं। इसी कारण श्यामलाल जोगचंद बगावत पर उतर आए हैं।



चन्द्रमोहन भगत

उन्होंने अपना वीडियो जारी कर निर्दलीय प्रत्याशी बनने की घोषणा कर डाली है। नामांकन भी जमा करा दिया है। प्रत्याशी घोषित होने के पहले तक क्षेत्र का अधिकांश कांग्रेसी जनमत जोकचन्द के साथ ही था। लेकिन, पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी से गद्दारी के आरोप भी जोकचंद पर लगे थे। इसी तरह धार के पारंपरिक कांग्रेसी परिवार स्वर्गीय मोहनसिंह बुंदेला के पुत्र कुलदीप बुंदेला ने सार्वजनिक बयान देकर की कमलनाथ, दिगविजय सिंह और राहुल गांधी के कहने पर भी नहीं मानेंगे। निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस संगठन में भी छत्रप नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच संगठन में दो फाड़ साफ सतह पर नजर आने लगी है। दिग्विजय सिंह के समर्थक जीत सकने वाले घोषित प्रत्याशियों को बदलकर कमलनाथ ने अपना अध्यक्ष पावर दिखा दिया है। इसी कारण शहडोल के यादवेंद्र सिंह बसपा में यह कहते हुए चले गए कि इंदौर के सज्जन वर्मा ने यहां की महिला नेता के कारण मेरा टिकट कटवा दिया है। बडनगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी के घोषित नाम को बदलने के पीछे भी कमलनाथ का वीटो लगाया गया है। उज्जैन दक्षिण में राजेंद्र वशिष्ठ को साइड कर चेतन यादव को प्रत्याशी बनाने के पीछे नाथ और सिंह की प्रतिष्ठा में टकराव सा वातावरण अब समाचार पत्रों में भी आने लगा है। इसीलिए मल्हारगढ़ में श्यामलाल को साइड में किया गया, पर यह अचरज जरूर राजनीतिकों में विषय बन गया है कि पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन क्यों मौन रही या उनकी मौन स्वीकृति थी इस नाम पर। इस बार कांग्रेस का वातावरण बेहतर बन रहा था। लेकिन, प्रदेश की अनेक सीटों पर विद्रोह और बगावत की खबरें आ रही है।



## दीपेश माली का राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** जिला स्पोर्टर्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के खिलाडी दीपेश पिता अशोक गहलोत माली का केंद्रीय विद्यालय मंदसौर से राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है दिनांक 2 से 6 नवंबर को बेंगलुरु में छह दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता होने जा रही है जिसमें जिला स्पोर्टर्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर एवं केंद्रीय विद्यालय मंदसौर का खिलाड़ी दीपेश पिता अशोक गहलोत माली मध्यप्रदेश का प्रतिनिधि करेंगे स चयन होने पर जिला स्पोटर्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के संरक्षक एडिशनल एसपी गौतम जी सोलंकी, खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र जी देवडा, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू जी कुमार, , केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य निलांजलि जी प्रसाद, खेल प्रशिक्षक मंगलेश जी बैरागी, दुर्गेश कुमार जी लोहार सर, माली समाज चो खरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश जी माली, ओंकार लाल जी माली, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश जी भाटी व्यवस्था प्रभारी विजय जी कोठारी, टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ,सुनील जी हीवे ग्वाला , अशोक जी गहलोत असलम खान, दिनेश जी चंदवानी, दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, निशांत जोशी, शाहिद जी मंसूरी, कमलेश जी डोसी, शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर ,श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल ने चयन होने पर केंद्रीय विद्यालय स्टाफ एवं परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मेडीकल कालेज अधीक्षक के निवास पर चोरी का दो दिन में हुआ खुलासा...

# घर की नौकरानी ही निकली आरोपी, माल बरामद

**रतलाम, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मेडीकल कालेज के अधीक्षक डा.विनय शर्मा के मेडीकल कालेज परिसर में स्थित आवास में दो दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरी की वारदात में घर की नौकरानी की लिप्तता पाई गई। पुलिस ने करीब साढे तीन लाख रु. को गहने भी बरामद कर लिए है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक मेडीकल कालेज के अधीक्षक डा. विनय शर्मा पिता डा. जगदीश शर्मा 31 नि. फ्लैट न.105 जी-1 ब्लाक ने विगत 25 अक्टूबर को औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पंहुचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे 22 अक्टूबर की शाम चार बजे को अपने घर पर ताला लगाकर अपने परिवार के साथ सुन्दरवन निवासी अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। इस दौरान उनके घर पर नौकरानियां घरेलु काम करने के लिए आती थी। 24 अक्टूबर को डा. शर्मा की नौकरानी विद्याबाई ने डा. शर्मा को फोन लगाकर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। ताला टूटने की सूचना मिलते ही डा. शर्मा अपने फ्लैट पर पंहुते। भीतर जाकर देखने पर पता चला कि अलमारी में रखे जेवरात जिसमें सोने की अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट, गले के हार झुमके आदि गायब थे। कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोडकर अलमारी में रखे करीब साढे तीन लाख रु. मूल्य के गहनों पर हाथ साफ कर चुका था। डा. शर्मा की रिपोर्ट पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। औद्योगिक क्षेत्र टीआई राजेन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस ने डाक्टर के घर में काम करने वाले नौकरों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान नौकरानी विद्याबाई पति प्रेमदास बैरागी 32 नि. ग्राम सागोद पर पुलिस अधिकारियों को सन्देह हुआ। नौकरानी विद्याबाई से मनौवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आखिरकार चोरी का पर्दाफाश हो गया। विद्याबाई ने चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर सागोद स्थित उसके घर से चोरी किए गए सारे आभूषण पुलिस ने जब्ता कर लिए।

आरोपी विद्याबाई के घर से पुलिस ने (1) एक सोने की अंगूठी जिसके उपर 16 छोटे- छोटे नग लगे थे,(2) एक सोने चेन ,(3) एक सोने का ब्रेसलेट, (4) एक सोने का गले का हार, (5) एक जोड सोने के झुमके (6) दो झुमके अलग अलग सोने के (7) एक जोडी झुमके छोटे वाले (8) एक चांदी की अंगुठी सफेद नग वाली (9) 20 ग्राम का चांदी का सिक्का जिस पर लक्ष्मीजी गणेश जी व सरस्वती मां की फोटो बनी है (10) एक सोने का मोती वाला मंगलसूत्र जिस मे 23 मोती सोने के डले हुए थे (11) तीन जोड चांदी की पाइजेब पतलीवाली और (12) 12 नग बिछिया इस प्रकार कुल साढे तीन लाख के आभूषण जब्त किये है। दो दिनों के भीतर चोरी का पर्दाफाश करने में निरी. राजेन्द्र वर्मा थाना प्रभारी थाना औ क्षेत्र रतलाम, सउनि सुनील सिह राघव, का.वा.प्रआर. 458 रितेश पाटीदार, का.वा.प्रआर. 792 मृदंग सातपुते, का.वा.प्रआर. 802 धीरज गावडे, आर.1005 अशोकसीनम, म.आर. 60 मेघा राणा की सराहनीय भूमिका रही है।



# स्काउट-गाइड छात्रों को दी बैंक संबंधित जानकारी

### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ, नोटबुक का हुआ वितरण

**गरोठ, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** गरोठ के समीपस्थ ग्राम खजूरीपंथ के हाई स्कूल में ए यू स्माल फाईनेन्स बैंक शाखा शामगढ की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शाखा प्रबंधक विकास जायसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की उन्होंने अध्यापकों को और विद्यार्थियों को डिजिटल लेनदेन, विभिन्न बीमा योजनाओं और अन्य बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी, साथ ही बैंक से जुड़ने के अनेक फायदों के बारे में बताया। सहायक प्रबंधक विमल सोनी ने बताया कि विद्यालय में पेंटिग (चित्रकारी) एवं रंगोली प्रतियोगिता में जो छात्र प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आएंगे उन्हें ए यू स्माल फाईनेन्स बैंक की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। ब्रांच सहायक यशवंत श्रीवास्तव एवं ग्राहक सेवा अधिकारी वैशाली वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी तन्मयता से कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढाई करके अपने गांव व विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को ए यू स्माल फाईनेन्स बैंक शाखा शामगढ की ओर से नोटबुक का वितरण किया गया। इस मौके पर, धर्मेंद्र सिंह परिहार, श्यामसुंदर मैहर, किशोर डारिया, निशा सोनी, नेहा शर्मा आशिक मंसूरी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में गाइड दल की ओर से रवीना पिता मांगीलाल, इशिका पिता रमेशचंद, करीना पिता नंदकिशोर, खुशबू पिता हरिशंकर, भावना पिता प्रहलाद स्काउट दल की ओर से निलेश पिता राकेश कुमार पंवार, भूपेंद्र पिता अर्जुन कारपेंटर, विशाल पिता तूफान, कन्हैयालाल पिता रामगोपाल मेघवाल का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन स्काउटर संस्था के वरिष्ठशिक्षक जी.एल.भावसार ने किया तथा आभार प्रभारी प्राचार्य प्रकाशचंद शर्मा ने माना। उपरोक्त जानकारी जिला स्काउट मीडिया प्रभारी उमर शेख ने दी।



## श्री जगदीश मंदिर में शरदोत्सव मनाया

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज श्री जगदीश मंदिर पंचायत व ट्रस्ट के तत्वावधान में जीवागंज स्थित जगदीश विलास में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में शरद उत्सव मनाया गया। समाज की मातृशक्ति ने गरबा आराधना की उपस्थित समाज जनों द्वारा श्री जगदीश मंदिर में महा आरती कर खीर का नैवेद्य लगाया गया और अमृत रूपी खीर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण पंचायत के अध्यक्ष श्री मोहनलाल शर्मा सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिवेदी कोषाध्यक्ष जगदीश शर्मा तथा समाज के वरिष्ठ जन युवा कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# चंद्रमा की किरणों के बीच बांटा अमृतरूपी खीर का प्रसाद

### मेवाड़ा सेन समाज ने गरबा नृत्य के साथ मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव





**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मेवाड़ा सेन समाज पंचायत द्वारा खानपुरा सत्यनारायण की बगीची स्थित मंदिर में शरदपूर्णिमा महोत्सव दिनांक 27 अक्टूबर, शुक्रवार की रात्रि सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाज की महिलाओं ने भक्ति गीतों पर गरबा नृत्य किया तत्पश्चात् रात्रि में खीर का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया।

शरद महोत्सव में प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया, समाज के वरिष्ठ फकीरचंद परिहार, सत्यनारायण सकवाया, सेन युवा संगठन के अध्यक्ष विनोद परिहार, मॉ नारायणीमाता महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती कलादेवी गंगवाल, लाभार्थी परिवार के कमल बाबूलाल मारोठिया व राहुल मारोठिया, गरबा आयोजक आदित्यसेन मारोठिया, अंकुश मारोठिया, पियुष सकवाया ने सेनजी महाराज व माँ नारायणी माता की आरती की। आरती के पश्चात् भगवान को खीर का भोग लगाया गया तथा सभी ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। लाभार्थी परिवार के कमल बी मारोठिया परिवार का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने कहा कि हर माह पूर्णिमा आती है लेकिन शरद पूर्णिमा का अलग महत्व है। इस दिन चन्द्रमा की किरणों से अमृत टपकता है, ये किरणे हमारे लिये लाभदायक होती है। शरद पूर्णिमा पर खिर पर चन्द्रमा की किरणें गिरने से वह अमृत हो जाती है जिसे खाने से अनेक बीमारियां दूर होती है। सेन समाज द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन करने से सामाजिक एकता का संचार होता है। आपने कहा कि पूर्णिमा के दिन चन्द्रग्रहण होने से समाज द्वारा एक दिन पूर्व शरदपूर्णिमा महोत्सव मनाया। इस अवसर पर ईश्वरलाल गंगवाल, मगनीराम गंगवाल, जगदीशचन्द्र मारोठिया, घीसालाल गंगवाल, अशोक चौहान, नागेश्वर चोहान, दिनेश गेहलोत, महेश परिहार, विनोद परिहार, राजेश चौहान, शैलेन्द्र मारोठिया, दशरथ पारस फूहार, शरद सकवाया, दीपक मारोठिया, कुंजल सेन (सीतामऊ), अंकुश मारोठिया, कुणाल पंवार, अक्षय गेहलोद, पियुष सकवाया, संजय सकवाया, राहुल गेहलोद, अनिकेत मारोठिया, शुभम मारोठिया, राजेश मारोठिया, समाज के कोतवाल भूरालाल, मंदिर व्यवस्थापक भगवानदास शर्मा, सत्यनारायण माली सहित समाज की मातृशक्ति एवं नन्हें-मुन्ने बच्चे एवं अनेक समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश परिहार ने किया एवं आभार पियुष सकवाया ने माना।

**मतदान करने का लिया संकल्प-** सत्यनारायण की बगीची में आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान उपस्थित सभी समाजजनों को समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने का संकल्प दिलाया। श्री मारोठिया ने संकल्प दिलाया कि समाज के सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता करते हुए स्वयं भी मतदान करे और अपने परिवारजनों एवं इष्टमित्रों को भी मतदान हेतु प्रेरित करे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने में अपना योगदान दे।

## नाहरसिंह माता मंदिर पर गरबा रास व महाआरती का आयोजन आज

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** शारदीय पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री नाहरसिंह माता मंदिर जनकूपुरा में अपने 45 वे वर्ष में नाहरसिंह-माता-मंदिर-निर्माण-समिति द्वारा 29 अक्टूबर, रविवार को शाम 7 बजे से एक दिवसीय गरबा रास किशोर-म्यूजिकल-ग्रुप केमाध्यम से किया जायेगा और रात्रि 12 बजे नाहरसिंह-माता की महाआरती के पश्चात 5 क्विंटल साबूदाने की दिव्य-खीर की महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। श्री नाहरसिंहमाता-मंदिर-निर्माण-समिति के माता भक्त अनूप माहेश्वरी, बालाराम बांके आदि ने सभी भक्तों से परिवार व् इष्टमित्रों सहित पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# मलेरिया प्रभावित गांवों में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

### मच्छर जनित रोगों से बचाव की स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह, बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह से उपचार ले



**नीमच, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** वर्तमान मौसम मच्छर उत्पत्ति के अनुकूल होने के कारण मच्छर जनित बीमारियॉं यथा मलेरिया, डेंगू के प्रकरणों में वृद्धि परिलक्षीत हुई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एस एस बघेल के निर्देशन व मार्गदर्शन में जावद ब्लॉक के मलेरिया प्रभावित ग्रामों में तीन डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे व लार्वा नष्टीकरण का कार्य किया जा रहा है। मलेरिया पॉजिटिव रोगियों का उपचार किया जा रहा है। उक्त्तत जानकारी देते हुए श्री अल्पेश कुमार बारिया ने बताया कि डेंगू प्रभावित कुकडेश्वर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं नगर परिषद के कार्यकर्ताओं की संयुक्त 15 टीमे गठित कर लार्वा सर्वे व नष्टिकरण का कार्य किया गया है। जिले के समस्त ग्रामों में विशेष निगरानी बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है।

मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छर की उत्पत्ति रोकना एवं मच्छर के काटने से बचाव अति आवश्यक है। मलेरिया बीमारी के मुख्य लक्षण सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार उल्टियॉ और सिरदर्द, पसीना आकर बुखार उतरना, बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी होना इत्यादि है। डेंगू के मुख्य लक्षण अकस्मात तेज सिर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोडों में दर्द होना, ऑखों के पीछे दर्द होना, जो कि ऑखों के घुमाने से बढता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुॅह , मसूडों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि है। बुखार आने पर आशा कार्यकर्ता या नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर मलेरिया की जॉच अवश्य करावे। मलेरिया जॉच पॉजिटीव आने पर पूर्ण उपचार ले, खाली पेट कदापि न लें। डेंगू की जॉच जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क उपलब्ध है। डेंगू पाये जाने पर बुखार उतारने के लिए केवल पैरासिटामोल ले सकते है। एस्प्रीन या इबुब्रेफेन का उपयोग ना करे। डॉक्टर की सलाह से उपचार प्राप्त करे। मच्छर अक्सर कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर में रूके हुए साफ पानी में तथा नालियों के रूके हुए पानी में पनपते है। अत: अपने घर के आसपास पानी के गढडों को मिट्टी से भर दे। पानी से भरे रहने वाले स्थानों पर मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन ऑयल डाले। घर व आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी जमा न होने दे। पानी के उपयोग के बर्तन/सामग्री इत्यादि सप्ताह में एक बार साफ करके सुखाकर फिर उपयोग करे। मच्छर के काटने से बचने के लिए सांय में घर में नीम की पत्तियों का धुआ करे। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे। ऐसे कपडे पहने जो बदन को पूरी तरह ढंके।



## जल जीवन मिशन के कार्यो की कार्यवाही विवरण का पालन अक्षरश: किया जाए-कलेक्टर

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि बैठक के पालन प्रतिवेदन का पालन किया जाए। अगर कोई ठेकेदार ठीक से कार्य नहीं कर रहा है तो, उसे ब्लैकलिस्टेड करें तथा एफआईआर दर्ज करें। गांव में किए जा रहे कार्यों के वीडियो को देखे। उसका परीक्षण करवाए। उसके पश्चात जनपद पंचायत को सुपुर्द करें। कोई भी काम अधूरा ना छोड़े। पूर्ण करने के पश्चात ही सुपुर्द करें। इस कार्य के लिए दो से तीन लोगों की टीम बनाएं। जो की जांच करेगी। इन कार्यों र्की 17 नवंबर के पश्चात पुन: समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों में कहाँ-कहाँ पर बोरिंग के साथ विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया। उसकी सूची प्रदान करें। जहां पर काम किया गया है, वहां पर चीजे फंक्शनल दिखना चाहिए।

# नीदरलैंड ने वर्ल्ड कप में दूसरा मैच जीता

### बांग्लादेश को 87 रन से हराया, मीकरन ने झटके 4 विकेट; कप्तान एडवर्ड की फिफ्टी

**कोलकाता, 28 अक्टूबर।** नीदरलैंड ने वनडे वर्ल्ड कप में दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने कोलकाता में बांग्लादेश को 87 रन से हराया। नीदरलैंड ने इससे पहले साउथ अफ्रीका को भी हराया था। डच टीम दूसरी जीत के साथ टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से ज्यादा मैच जीत चुका है। इंग्लैंड अब तक एक ही मैच जीत सका और पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर हैं।



ईडन गार्डन स्टेडियम में टॉस जीतकर नीदरलैंड ने पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 229 रन बनाए, जवाब में बांग्लादेश की टीम 42.2 ओवर में 142 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने 68 रन बनाए, वहीं पॉल वान मीकरन ने 4 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए मीकरन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश को हराने के बाद इस वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के 2 जीत से 4 पॉइंट्स हो गए। टीम को 4 हार भी मिली, इसलिए टीम पॉइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर है। वहीं डच टीम की जीत से डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड 10वें नंबर पर पहुंच गया, उनके पास 5 मैचों में एक ही जीत है। 6 में से 5 मैच हार चुकी बांग्लादेश टीम 2 पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर है। उनका रन रेट इंग्लैंड से बेहतर है। 10 पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका पहले और 10 ही पॉइंट्स के साथ मेजबान भारत दूसरे नंबर पर है। टीम इंडिया रन रेट बेहतर नहीं होने के कारण दूसरे नंबर पर है।

**वर्ल्ड कप में नीदरलैंड की सबसे बड़ी जीत, 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा-** नीदरलैंड ने बांग्लादेश को 87 रन से हराते हुए अपना 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत के मामले में डच टीम का पिछला रिकॉर्ड 64 रन का था। टीम ने 2003 के वर्ल्ड कप में नामीबिया को ब्लमफोन्टेन के मैदान पर हराया था।

**डी लीडे ने 2 विकेट लिए-** नीदरलैंड से तेज गेंदबाज पॉल वान मीकरन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। बास डे लीडे को 2 सफलताएं मिलीं, वहीं आर्यन दत्त, लॉगन वान बीक और कॉलिन एकरमैन को 1-1 विकेट मिला।

**महमूदुल्लाह-मेहदी ने 100 पार पहुंचाया-** 70 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद महमूदुल्लाह और मेहदी हसन ने पार्टनरशिप बनाई, दोनों ने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। 108 रन के टीम स्कोर पर मेहदी बास डे लीडे के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए। उनके बाद महमूदुल्लाह भी 20 रन बनाकर कैच आउट हो गए और बांग्लादेश के मैच जीतने की उम्मीद भी खत्म हो गई। 113 रन पर 8 विकेट गंवाने के बाद बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद ने साझेदारी की। दोनों ने 9वें विकेट के लिए 29 रन जोड़े। 142 रन के स्कोर पर मुस्तफिजुर रहमान बोल्ड हो गए, अगले ही ओवर में तस्कीन भी कैच आउट हुए और टीम 87 रन से मुकाबला हार गई। शुरुआती 10 ओवर में 2 विकेट गंवाने के बाद भी बांग्लादेश संभल नहीं सका। 45 रन के स्कोर तक टीम के 2 ही विकेट गिरे थे। यहां नजमुल हुसैन शांतो आउट हुए और टीम ने 25 रन बनाने में ही अपने 4 और विकेट गंवा दिए। 70 रन के स्कोर पर बांग्लादेश के 6 बैटर्स पवेलियन लौट चुके थे।

**बांग्लादेश ने शुरुआती 10 ओवर में 2 विकेट गंवाए-** 231 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही। 5वें ओवर में ही ओपनर लिट्टन दास 3 रन बनाकर आउट हो गए। छठे ओवर में तंजिद हसन तमीम भी 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस विकेट के बाद 22 गेंदें डॉट चली गई, 10 ओवर खत्म होने के बाद टीम 39 रन ही बना सकी।



## ब्यूटी पार्लर बैच का समापन

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में ब्यूटी पार्लर के बैच का समापन हुआ, समापन में मुख्य अतिथि के रूप में ऐडिजे श्री हर्ष सिंग भेरावत, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक श्री शंभू दयाल ने की प्रशिक्षण प्राप्त करता अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। श्री भेरावत ने बच्चों को विधिक साक्षरता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। न्यायालय में चल रहे विभिन्न प्रकार के केस की जानकारी दी विधि विभाग से निशुल्क सहायता किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है यह भी जानकारी दी।

विदित है कि संस्थान में ग्रामीण अभ्यर्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, प्रशिक्षण में 64 प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, संस्थान के कर्मचारी व निदेशक, ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अवेयरनेस कार्यक्रम चलाते हैं जिससे जन सामान्य को इन कोर्स के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। यह भी बताया जाता है कि आप यह कोर्स करके अपना व्यापार किस तरह खोल सकते हैं एवं बैंक द्वारा ऋण किस प्रकार लिया जा सकता है. संस्थान बैंक से ऋण दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध रहता है, जिससे अपना बिजनेस का सेटअप से कर सके।

# आखिरी ओवर में दमदार फील्डिंग से जीता ऑस्ट्रेलिया

**धर्मशाला, 28 अक्टूबर।** वर्ल्ड कप 2023 में एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। धड़कने बढ़ा देने वाले इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 रन से हराया। टीम ने लगातार चार जीत हासिल करके वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन में दमदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया को पहले दो मुकाबलों में इंडिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पडी थी।

शनिवार को धर्मशाला के मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.2 ओवर में 388 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 383 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम से ट्रेविड हेड (109 रन) ने वर्ल्ड कप के डेब्यू मैच में सेंचुरी जमाई, जबकि डेविड वॉर्नर ने (81 रन) का योगदान दिया। गेंदबाजी में एडम जम्पा ने 3 विकेट लिए। वे टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

**हेड-वॉर्नर की विस्फोटक शुरूआत-** टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर्स ने अपनी टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर की जोड़ी ने पहले दो ओवर में 7-8 के रन रेट से 14 रन बनाए। इसके बाद कंगारू ओपनर्स ने आकामक रुख अपनाया। इस जोड़ी ने तीसरे से 15वें ओवर तक 10 से ज्यादा के रन रेट से स्कोर किया। यह साझेदारी 20वें ओवर में टूटी, जब डेविड वॉर्नर ग्लेन फिलिप्स की बॉल पर कॉट एंड बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इस जोड़ी ने 117 बॉल पर 175 रन की पार्टनरशिप की। हेड ने 67 बॉल पर 162.69 के स्ट्राइक रेट से 109 रन बनाए, जबकि डेविड वॉर्नर ने 65 बॉल पर 124.62 के स्ट्राइक रेट से 81 रन बनाए।

**कंगारुओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे का सबसे बड़ा स्कोर बनाया-** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने धर्मशाला की पिच पर एग्रेसिव बैटिंग की। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम के 6 बल्लेबाजों ने 100 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। एक समय ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम 400 से ज्यादा का स्कोर खड़ा करेगी, लेकिन आखिरी 10 ओवर में लोअर ऑर्डर के बैटर्स स्कोर को 400 पार नहीं पहुंचा सके। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे का सबस बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले, 2016 में टीम के खिलाफ 378 रन बनाए थे।

**बड़े टोटल के जवाब में औसत शुरुआत-** 389 रन के बडे टोटल का पीछा करने उतरी कीवी टीम ने औसत शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। कॉन्वे 28 और विल यंग 32 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को जोश हेजलवुड ने स्टार्क के हाथों कैच कराया। पारी की शुरुआत में कॉन्वे-यंग की जोडी ने हेजलवुड के पहले ओवर में 21 रन निकाले। इस जोडी ने पहले 7 ओवर में 8.5 के रनरेट से रन बनाए। यहां टीम का स्कोर 60/0 रन था, लेकिन अगले 3 ओवर्स में न्यूजीलैंड की टीम ने 13 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट खो दिए। 10 ओवर के पहले पावरप्ले के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 73/2 रहा।

**एडम जम्पा ने तोड़ी मिडिल ऑर्डर की कमर-** 72 रन के टीम स्कोर पर ओपनर्स के विकेट गंवाने के बाद रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने रन बनाने का जिम्मा उठाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 बॉल पर 96 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को एडम जम्पा ने तोड़ा। उन्होंने 24वें ओवर में मिचेल को 54 और 32वें ओवर में टॉम लैथम को 21 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन की राह दिखाई। इतना ही नहीं, डेथ ओवर्स में खतरनाक साबित होते दिख रहे मिचेल सैंटनर (17 रन) को ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया।

## कलेक्टर ने बोरखेड़ी सचिव को किया निलंबित

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बोरखेडी सचिव श्री नरेंद्र पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। सचिव श्री पाण्डेय द्वारा संपत्ति विरूपण, मतदान भवन की मरम्मत, रेम्प का निर्माण नहीं किए जाने, निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने तथा निर्वाचन कार्य में लापरवाही किए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला पंचायत मंदसौर रहेगा एवं नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## कच्ची शराब के साथ 4 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने 20 लीटर हाथ भट्टी कची शराब के साथ बेटीखेडी निवासी राजेश उर्फ राजूलाल पिता पिता प्रभुलाल को, 15 लीटर शराब के साथ उदपुरा निवासी परमानन्द पिता नानूराम को, पिपलियामंडी पुलिस ने 13 लीटर शराब के साथ पिपलियापंथ निवासी राधेश्याम पिता रामलाल को, मल्हारगढ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ थगी भानपुरा निवासी दशरथ पिता गोकुल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किए।

## जिला बदर आरोपी को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जिला बदर आरोपी को पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने गुड़भेली निवासी कमलेश पिता रामनारायण पाटीदार को गुड़भेली जिला बदर होने के बाद गांव में होने पर मुखबिर की सूचना पर पकड़ा।



# बीएलओ से जानकारी नहीं मिल रही तो करें पीठासीन अधिकारी को फोन

### मॉक पोल की प्रक्रिया, वेबकास्टिंग एवं कम्युनिकेशन प्लान के लिए प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदान के दिन सामग्री वितरण के दौरान वेब कास्टिंग एवं कम्युनिकेशन प्लान की तैयारियों के संबंध में वेब कास्टिंग एवं कम्युनिकेशन प्लान केसे काम करेगा इस संबंध में कर्मचारियों को प्रशिक्षण सुशासन भवन स्थित सभागृह में दिया गया। प्रशिक्षण लोक सेवा प्रबंधक श्री वैभव बैरागी एवं एनआईसी से श्री दशपुत्रे द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान के दौरान यह कम्युनिकेशन प्लान की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को बहुत ही सतर्कता से काम करने की जरूरत होती है। इस संबंध सभी जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्राप्त होगी। अगर बीएलओ जानकारी देने में असमर्थ होता है, तो ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी को कॉल किया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल 7 बजे तक पूर्ण हो। इसकी रिपोर्ट तुरंत भेजें। मतदान के दिन प्रत्येक घंटे में रिपोर्ट भेजने रहेगी। इसके लिए रिपोर्ट का फॉर्मेट भी तैयार करें। मतदान के दिन पोलिंग पार्टी समय पर मतदान केंद्र पर पहुंची या नहीं। नहीं पहुंचने का कारण भी रिपोर्ट में बताना होगा। साथ ही मतदान केंद्र पर क्या-क्या व्यवस्थाएं है एवं क्या-क्या व्यवस्थाएं नहीं है। मतदान केंद्र पर क्या समस्याएं चल रही है। वह भी रिपोर्ट में बताना होगा। मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाओं को देखना होगा। मतदान केंद्र पर किसी भी तरह की समस्या हो उसको तुरंत रिपोर्ट में दर्ज करें। इस कार्य के लिए सभी से आपस में समन्वय रखना बहुत जरूरी है। सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर से लगातार संपर्क में रहे। सभी लोग प्रशिक्षण अच्छे से प्राप्त करें। इसके साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कम्युनिकेशन प्लान में लगे कर्मचारी जिला स्तर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। सामग्री वितरण के समय मास्टर ट्रेनर एवं मतदान दल से समन्वय बनाये रखें। किसी भी तरह की जानकारी अन्य व्यक्ति को फॉरवर्ड न करें।

## स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर पुलिस ने कई वर्षो से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। यशोधर्मन नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी फिरोज पिता मुबारिक टंडिया उम्र 23 वर्ष निवासी मुल्तानपुरा थाना वायडी नगर कुल 04 प्रकरणों मे पिछले कुछ वर्षो से फरार था। वायडी नगर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उनि विनय बुंदेला चौकी प्रभारी मुल्तानपुरा को विश्वसनीय मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थाई वारण्ट फिरोज पिता मुबारिक टंडिया उम्र 23 वर्ष निवासी मुल्तानपुरा वर्तमान मे खानपुरा तरफ घुम रहा है। पुलिस ने दबीश देकर स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार किया।

# चुनाव के शुरुआती दृश्य में भाजपा बेहतर स्थिति में दिख रही...

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** एक पखवाड़े के पहले का चुनावी वातावरण अलग था और अब प्रत्याशियों की घोषणा के बाद से ही चुनावी सतह बनना शुरू होकर जन समर्थन से अपना आकार छोटा या बड़ा करता रहेगा। पूरे संसदीय क्षेत्र में पिछले चार चुनावो से भाजपा का वर्चस्व बना हुआ है। इस चुनाव में भी अभी भाजपा बढ़त लिए हुए हैं। जबकि, कांग्रेस भी इस बार अपना वर्चस्व बढ़ने का दावा कर रही है। कांग्रेस के लिए इसे होनी कहे या जानकर की जाने वाली गलतियां जो उत्साहित प्रत्याशियों के वातावरण को हतोत्साहित कर जाती है। गलतियां भाजपा के संगठन से भी अनेक सीटों पर प्रत्याशी चयन में हुई है। भुगतना भाजपा को भी पड़ रहा है।







लेकिन, जावरा-नीमच संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपने दो कमजोर विधानसभा प्रत्याशियों में से एक को बदलकर अपना वर्चस्व बनाए रखा है। राजनीतिक जगत में सामान्य चर्चा यह है कि लगातार तीन चुनाव हार कर सुभाष सोजतिया कमजोर हुए हैं। जबकि बीते चुनाव का भाजपा विधायक देवीलाल धाकड़ इतने नकारा साबित हुए कि इस दौरान सोजतिया ने खुद को फिर से अपने पुराने नाराजियों को मना कर मजबूत प्रत्याशी बना लिया है। इसी कारण भाजपा ने उपचुनाव में सोजतिया को हराने वाले चंदर सिंह सिसोदिया को फिर से प्रत्याशी बनाया है। सिसोदिया के जातिगत और भाजपा का वातावरण ही कारण बना है कि धाकड़ को हटाकर उन्हें प्रत्याशी बनाया गया।

नीमच को भाजपा की ही सीट माना जाता रहा है, दिलीप सिंह परिहार यहां से तीसरी बार प्रत्याशी बने हैं। कांग्रेस ने यहां से उमराव सिंह गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है, जो पिछला चुनाव मनासा से हार चुके हैं। कमलनाथ टीम के हैं इसीलिए फिर से अब नीमच से अवसर दिया है। मनासा से भाजपा के विधायक अनिरुद्ध मारु का भाजपाईयों में ही बड़ा विरोध था पर भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बना दिया है। इस बार कांग्रेस ने तीन बार चुनाव जीतने वाले पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस से प्रत्याशी बनने वालों में से पार्टी ने उनके जनाधार के कारण नाहटा पर भरोसा किया। जबकि, नई उपज के कार्यकर्ता भी प्रत्याशी बनने की दौड़ में थे। नाहटा के खिलाफत कर रहे कांग्रेसियों का जन आधार इतना नहीं है कि कांग्रेस को नुकसान और भाजपा को फायदा पहुंचा सके। जबकि, अनिरुद्ध माधव मारु का विरोध करने वाले भाजपाईयों में मनासा के ही पूर्व विधायक और मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चावला के अलावा मारू के अपने करीबी जो अब नाराज हैं, मारू के जनआधार में सेंध लगाकर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है। अत: राजनीतिक दृश्य में भाजपाइयों की नाराजगी भाजपा प्रत्याशी मारू को नुकसान और कांग्रेस प्रत्याशी को फायदा पहुंचा देगी। कुल मिलाकर जावरा-नीमच संसदीय क्षेत्र की इन तीन सीटों पर चुनाव की शुरुआत में मनासा कांग्रेस के लिए बेहतर तो गरोठ बराबर और नीमच भाजपा के लिए बेहतर नजर आ रही है।

## सौरमंडल का कहकर दिखाया था अश्लील वीडियो, शिक्षक गिरफ्तार

**रतलाम, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले सेजावता गांव में सरकारी स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं को मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाने के गंभीर आरोप लगाए। जिसके बाद शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया।

स्कूल की दो छात्राओं ने चाइल्ड लाइन में शिकायत की थी। जिनकी काउंसिलिंग के बाद रतलाम के औद्योगिक थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। आरोपी शिक्षक फूल सिंह भगोरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिक्षक पर आरोप है कि भूगोल की पढ़ाई करवाते समय छात्र-छात्राओं को उसने अपने मोबाइल फोन में अश्लील वीडियो क्लिप दिखाई है। मामला सेजावता गांव का है। यहां मीडिल स्कूल में भूगोल पढ़ाने वाले शिक्षक फूल सिंह भगोरा पर दो छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी शिक्षक मोबाइल फोन में सौरमंडल से संबंधित जानकारी का वीडियो दिखाने के बहाने छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखा रहा था। छात्राओं ने इसकी शिकायत चाइल्ड लाइन के हेल्पलाइन नंबर पर की। हालांकि, आरोपी शिक्षक इस मामले को षड्यंत्र पूर्वक की गई कार्यवाही करार देते हुए खुद को बेगुनाह बता रहा है।

# भाजपा नगर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ आज

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में मंदसौर जिले में चारों विधानसभा के चुनाव कार्यालय शुभारंभ का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज मंदसौर विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार यशपाल सिंह सिसोदिया के संगठनात्मक दृष्टि से चुनाव कार्य के संचालन हेतु भाजपा मंदसौर उत्तर मंडल एंव दक्षिण मंडल के संयुक्त चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज 29 अक्टूबर को प्रात: 10:30 बजे स्थान डी के वाय के सामने सुराना जी की बिल्डींग में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधानसभा जिला चुनाव संयोजक कैलाश चावला, सहकारिता प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, राजेन्द्र सिंह गौतम, भाजपा जिला महामंत्रीगण विजय अठवाल, गणपतसिंह आंजना, भाजपा वरिष्ठ नेता निहालचंद मालवीय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माछौपुरीया, कारूलाल सोनी, राजेन्द्र सुराणा, मंदसौर विधानसभा चुनाव प्रभारी जगदीश परमार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, विधानसभा चुनाव संयोजक नरेश चंदवानी, भाजपा वरिष्ठनेता हिम्मत जैन, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला, मंडल अध्यक्ष गण अरविन्द सारस्वत, अजय आसेरी की उपस्थिति में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मंदसौर नगर में निवासरत संगठन के जिला एंव मंडल पदाधिकारी गण, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला एंव मंडल पदाधिकारी गण, शक्ति केन्द्र के पंच परमेश्वर एंव बूथ त्रिदेव टोली के सदस्य एंव कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई, निकला चल समारोह

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सकल वाल्मीकि समाज के द्वारा 28 अक्टूबर, शनिवार को वाल्मीकि जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान एक विशाल चल समारोह निकाला जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। चल समारोह में मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई।



अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन गौसर ने बताया कि शनिवार को श्यामबाबा मंदिर गांधी चौराहा से विशाल चल समारोह निकला। डी.जे. ढोल के साथ निकला यह चल समारोह गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड, घण्टाघर, कालाखेत होता हुआ पुन: गांधी चौराहा श्यामबाबा मंदिर पहुंचा। जहां पर धर्मसभा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर समाज प्रमुखों द्वारा संत वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके बताये मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के पश्चात् समाजजनों ने महाप्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन गौसर, समाज वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर, समाज के वरिष्ठजन घीसालाल केसरिया, ईश्वरलाल गोसर, बाबूलाल केसरिया, शांतिलाल झांझोट, जीवन तंवर, प्रकाश तंवर, बसंत परमार, मंगल कोटियाना, पटेल मुकेश चनाल, चौधरी नरेश परमार, सतीश खेरालिया, अजय भाटी, पवन दलोर, दिलीप बागड़िया सहित बड़ी संख्या में समाजजन व मातृशक्ति, युवा साथी उपस्थित रहे।

## संबंध बनाने के लिए 14 वर्षीय लड़की की सहमति कानून की नजर में अमान्य-हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को जमानत देने से इनकार कर दिया। आरोपी ने छात्रा की सहमति से संबंध बनाने का दावा किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि पीडिता जो उस समय केवल 14 वर्ष की थी की रजामंदी कानून की नजर में कोई सहमति नहीं है और आरोपी उसके शिक्षक होने के कारण प्रभावशाली स्थिति में था। आवेदक के वकील के इस तर्क में कोई दम नहीं है कि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से बने थे, क्योंकि वर्ष 2012 में पीडिता की उम्र केवल 14 वर्ष थी। उन्होंने कहा यह अदालत यह भी नोट करती है कि प्रासंगिक समय में वह एक शिक्षक होने की प्रमुख स्थिति में था क्योंकि वह उस कोचिंग सेंटर में पढ़ती थी जहां वह पढ़ाता था।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सात संस्थानों से लिये सेम्पल

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी त्यौहारों में आमजनों को अच्छे से अच्छी एवं शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इस हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगतार कार्यवाही कर रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार विगत दो दिवस एवं 28 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए मंदसौर केसात संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 28 अक्टूबर एवं इसके पूर्व दो दिवस तक की कार्यवाही और निरीक्षण के दौरान मंदसौर के महावीर मावा भंडार से मावा के दो नमूने, बिकानेर स्वीटस से काजु कतली, हीरामणी स्वीटस, गुजराती डेयरी से मावा, वैष्णव नमकीन भंडार से सेंव, श्री जैन नमकीन से सेंव एवं तेल, श्री शिव ट्रेडर्स दलौदा से गुलाब जामुन मिक्स, राज ट्रेडर्स दलौदा सोयाबीन तेल का नमुना लिया गया। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा। श्री जामोद ने बताया कि आगामी दीपावली के त्यौहार के समय में आमजनों को अच्छी और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तु मिले इसके लिए सभी संस्थानों के संचालकों को अपने यहां साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तुएं ही विक्रय करने के दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## सिसोदिया आज ग्रामीण जनता से करेंगे जनसंपर्क

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रत्याशी और विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया आज 29 अक्टूबर रविवार को मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में नालछा माता प्रात: 8 बजे, खिलचीपुरा 8.30 बजे, मेनपुरीया 9 बजे, छाजुखेडा 9.30 बजे, रसुलपुर 10 बजे, धाकडखेडी 10.30 बजे, सेतखेडी 11 बजे, बहादरी 11.30 बजे, ईटायली 12 बजे, चांगली 12.30 बजे, बाजखेडी 1.30 बजे, अरनिया निजामुद्दीन 2 बजे, पानपुर 2.30 बजे, दमदम 3 बजे, आक्याफत्तु 3.30 बजे, हासली 4 बजे, मिर्जापुरा 4.30 बजे, गोरखेडी 5 बजे, बुचाखेडी 5.30 बजे, अघोरिया 6 बजे, सेजपुरीया 6.30 बजे, भालोट 7 बजे पहुचेंगे और मतदाताओं से।जनसंपर्क करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ रहेंगे।



# कमलनाथ की सभा की तैयारी को लेकर पूर्व विधायक पाटिल को अधिकृत किया

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ 3 नवंबर 2023 को प्रात: 10.30 बजे मंदसौर में नगर पालिका के सामने सभा स्थल पर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह जिले के कांग्रेस उम्मीदवार मंदसौर से श्री विपिन जैन, मल्हारगढ से श्री परशुराम सिसोदिया, सुवासरा से श्री राकेश पाटीदार, गरोठ से श्री सुभाष कुमार सोजतिया के लिए वोट की अपील करेंगे। इस सभा की तैयारी को लेकर जिला संगठन प्रभारी डॉ अर्चना जायसवाल ने पूर्व विधायक व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नवकृष्ण पाटिल को जिम्मेदारी सौंपते हुए सभा की तैयारी करने का आग्रह किया है। श्री नवकृष्ण पाटिल 31 अक्टूबर को 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्षगणों, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, मंडलम सेक्टर अध्यक्षगण, बीएलए, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, मोर्चा संगठन, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित सभी कांग्रेसजनों की बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि बैठक में सभी पदाधिकारीगण अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सभा की तैयारी हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## विपिन जैन का दौरा कार्यक्रम

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार श्री विपिन जैन 29 अक्टूबर 2023 रविवार को मंदसौर शहर में प्रात: 8 बजे नई आबादी बैंक आफ इंडिया कृषिपति बालाजी चौराहा से प्रारंभ होकर वार्ड क्रमांक 3 व 6 मैं जनसंपर्क करेंगे। उसके पश्चात श्री विपिन जैन शाम को मंदसौर शहर मैं स्थित सम्यक डायमंड कॉलोनी शाम 5 बजे, ग्राम जग्गाखेड़ी शाम 5:30 बजे, बोरखेड़ा शाम 6 बजे, रुपावली शाम 7 बजे, साबाखेड़ा (सभा) शाम 7:30 बजे ग्रामों में पहुंचकर मतदाताओं का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क करेंगे। श्री जैन के साथ पूर्व विधायकगण नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया, महेन्द्रसिंह गुर्जर, दीपकसिंह चौहान, राजेश रघुवंशी, रविन्द्र रांका, मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, कार्यकारी अध्यक्षगणों के साथ मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए, निर्वाचित पार्षदगण व पार्टी के सभी वरिष्ठनेतागण साथ रहेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने दी।



## प्रेक्षक जावले एवं श्रीमती जे.विजया रानी का आज नीमच आगमन

**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग व्दा रा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्त किया है। विधानसभा क्षेत्र-228 मनासा एवं 229 नीमच के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री किशनराव जावले एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 230 जावद के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2013 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती जे.विजया रानी को जनरल आब्जार्वर नियुक्त किया गया है।

## आबकारी विभाग ने की कार्रवाई...

# 80 लीटर कच्ची शराब जप्त एवं 2200 किलो लहान कराया नष्ट

**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन - 2023 को दृष्टित रखते हुए कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन, जिला आबकारी अधिकारी श्री आर एन व्यास के मार्गदर्शन में अवेध मदिरा के परिवहन एव विक्रय पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग नीमच की टीम द्वारा आबकारी उप निरीक्षक कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में ग्राम भांडीया एवं ग्राम चपलाना मे छापेमारी कर 80 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की एवं 2200 किलो महुआ लहान नष्ट किया गया।



छापेमारी के दौरान 2 अज्ञात एवम 2 ज्ञात प्रकरण आरोपी सावरी पति महेंद्र उम्र 35 वर्ष निवासी चपलाना एवं आरोपी ममता पति बिजेश उम्र 35 वर्ष निवासी चपलाना के विरुद्ध कायम किए गए। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक विष्णु सिंह यादव, महेश गहलोत, बलवंत भाटी, राकेश ररोतीया, हंसराज बिलवाल का सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्यांगजनों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली सम्पन्न



**मनासा, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मनासा से दिव्यांगजनो द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर मनासा में विशाल रैली आयोजित की गई। रैली को तहसीलदार मनासा श्री बालकृष्ण मकवाना ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नगर परिषद के वाहन पर आगे आगे मतदाता जागरूकता के गीत चल रहे थे और सभी वाहनधारियो के पास नारे लिखी हुई तखतिया थी। नगर मनासा के प्रत्येक चैराहे से गुजरते हुए दिव्यांग जनो द्वारा नारे लगाये गये। रैली जनपद पंचायत मनासा से प्रारंभ होकर तहसील मनासा, कारगिल चैराहा, बस स्टेण्ड से होते हुए जूना साथ मोहल्ला, इमली बाग, उषागंज, सोमनाथ मंदिर, रामपुरानाका, मन्दसौर नाका होते हुए वापस जनपद पर समाप्त हुई। जहां पर सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## गरबा मंडल ने वितरण किए पुरस्कार

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नव दुर्गा गरबा मंडल मल्हारगढ बस स्टेण्ड पर नवरात्रि में गरबोत्सव में महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं ने कटोरी नृत्य, नॉन स्टॉप पारी, दीपक प्रतियोगिता, चुनरी वेस प्रतियोगिता सहित अनेक ग्रुपों की प्रस्तुति दी थी। जिसका पुरस्कार वितरण गरबा मंडल संरक्षक हेमंत गुप्ता, जगदीश सोनावा, काली कल्याण धाम के गादीपति संजय राठौड, अध्यक्ष पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप तिवारी, रोहित राठौर, यश गुप्ता, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, विशाल मंडवारिया, राजू भाना, मीडिया प्रभारी जितेंद्र बैरागी (जीतू) आदित्य ठाकुर, अभय राठौर, जीवन मालेचा, आकाश राठौर, विजय मालेचा, जय मालेचा, पंकज मालेचा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## दलौदा पुलिस ने 19 किलो चांदी के आभूषण पकड़े, जप्त

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महु- नीमच हाईवे रोड कचनारा चेकिंग पाईट पर एसएसटी टीम मजिस्ट्रेट चेतन पाटीदार व सउनि सुनिल तोमर द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 14 सीबी 2246 को रोका। जिसमे एक व्यक्ति (चालक) बैठा था, चालक द्वारा अपना नाम महेश पिता रामगोपाल सोनी उम्र 50 साल निवासी प्रेम कालोनी मंदसौर का होना बताया। जिसकी गाड़ी की तलाशी ली, जिसमे एक बेग के अंदर लगभग 19 किलोग्राम चांदी के आभुषण मिले। उक्त व्यक्ति से चांदी के आभुषणो के संबंध मे बिल की पुछते कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया गया। टीम द्वारा उक्त चांदी को विधिवत जप्त किया गया।



**एजेंसी देना है**

**शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।

9425105927, 28-07422-495831

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in